हरिभूमि
वनांचल भूमि - Page 4
22 July 2025

# बस्तर के सुदूर क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिलेगी शीघ्र सुनवाई की सुविधा

## जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में ई-हियरिंग की सुविधा आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में सोमवार 21 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा वर्चुअल माध्यम से ई-हियरिंग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों में शीघ्र सुनवाई हो सकेगी और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश, देश का पहला प्रदेश बनने जा रहा है जिसके समस्त जिला आयोग में ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई की सुविधा आरंभ की गई है। समस्त जिला आयोग में ई-फाइलिंग की सुविधा पूर्व से उपलब्ध थी और अब ई-हियरिंग से जुड़ने के पश्चात बस्तर अंचल के सुदूर क्षेत्रों के उपभोक्ता भी अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण करवाने में सक्षम हो सकेंगे। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने ई-हियरिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर इस तकनीकी नवाचार के आरंभ होने से उपभोक्ता एवं अधिवक्ताओं के होने वाले हितों पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम के दौरान एक प्रकरण में ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई भी की गई।



### ये रहे मौजूद

ई-हियरिंग का शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य प्रमोद वर्मा, रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, ज्वाइंट रजिस्ट्रार मोना चैहान, लेखाधिकारी मधुलिका यादव, जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा सहित सदस्य निरुपमा प्रधान एवं अनिल अग्निहोत्री मौजूद रहे। वहीं स्थानीय स्तर पर जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास, सचिव लिखेश्वर जोशी उपाध्यक्ष हेलेना गिरिधरन ,खाद्य नियंत्रक घनश्याम सिंह राठौर, सहायक खाद्य नियंत्रक दिव्या रानी सहित अधिवक्तागण एवं जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।